भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 619

जिसका उत्तर 7 फरवरी, 2023/18 माघ, 1944 (शक) को दिया गया

बैंकों में ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जाना

619. श्री एस.निरंजन रेड्डी:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारतीय बैंक संघ के अनुसार केवल कुछ ही भारतीय बैंक छोटे पैमाने पर ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहे हैं, इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए क्या केन्द्र सरकार भारतीय बैंकों में ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी के बढ़ते उपयोग को प्रोत्साहित करने का विचार रखती है;

(ख) क्या सरकार ने बैंकिंग धोखाधड़ियों/हैकिंग के विरुद्ध उपाय के रूप में ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी के उपयोग का मूल्यांकन करने के लिए कोई प्रायोगिक परियोजना संचालित की है अथवा अध्ययन कराया है; और

(ग) क्या भारतीय रिज़र्व बैंक के "विनियामक सैंडबॉक्स" ने भारतीय बैंकों के लिए ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी के उपयोग हेतु किन्हीं विशिष्ट क्षेत्रों की पहचान की है?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. भागवत कराड)

(क), (ख) और (ग): भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने यह सूचित किया है कि ब्लॉकचेन तकनीक (बीसीटी) कई उभरती प्रौद्योगिकियों में से एक है और इसकी उपयोगिता इस बात पर निर्भर करेगी कि इसे कैसे अपनाया जाता है और उपयोग की विस्तृत श्रृंखला के लिए अनुकूलित किया जाता है। इसके अतिरिक्त, आरबीआई ने यह सूचित किया है कि बीसीटी को उन नवीन प्रौद्योगिकियों के रूप में सूचीबद्ध किया गया है, जिसका इस्तेमाल करके प्रवर्तक आरबीआई के सैंडबॉक्स परिवेश में अपने उत्पादों का परीक्षण करने हेतु आवेदन कर सकते हैं।

आरबीआई ने यह सूचित किया है कि भारतीय बैंकों के लिए बीसीटी के उपयोग हेतु उनके विनियामकीय सैंडबॉक्स ने किसी विशिष्ट क्षेत्र की पहचान नहीं की है। तथापि, आरबीआई के विनियामकीय सैंडबॉक्स के क्रॉस बोर्डर पेमेंट थीम के अंतर्गत, प्रतिभागी संस्थाओं ने कुछेक ब्लॉकचेन आधारित ऐप्लीकेशनों की जांच की है।

*****